**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 01.10.2020**

- **मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, दिनांक 02.10.2020 को शाहजहाँपुर सुप्रसिद्ध कवियों की आदमकद प्रतिमाओ का किया जायेगा लोकार्पण।**
- **गाँधी जयन्ती के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा महापुरूषो के प्रतिमाओ एवं उसके आस–पास साफ–सफाई,सेनेटाईजेशन एवं फागिंग कराये जाने के दिये गये निर्देश।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा श्यामतगंज गौटिया शमशानघाट पर होने वाले वृक्षारोपण का किया गया निरीक्षण।**

1. मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, दिनांक 02.10.2020 को शाहजहाँपुर सुप्रसिद्ध कवियों की आदमकद प्रतिमाओ का किया जायेगा लोकार्पण। इस चौराहे पर कीर्ति शेष श्री अग्निबेष शुक्ला, यशस्वी कवि श्री राज बहादुर विकल एवं अग्निधर्मा कवि श्री दामोदर स्वरूप (विद्रोही) जी की प्रतिमाये टाउनहाल चौराहे पर स्थापित की गई जिनका लोकार्पण कल दिनांक 02.10.2020 मा0 मंत्री जी द्वारा किया जायेगा इसके अतिरिक्त सेल्फ सस्टेनेबेल वाटर प्यूरीफिकेशन वाटर स्टेशन परियोजना का भी लोकार्पण किया जायेगा।

2. गाँधी जयन्ती के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा कल दिनांक 02.10.2020 को महापुरूषो के प्रतिमाओ एवं उसके आस–पास साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन का दिया गया निर्देश। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को समस्त महापुरूषो की साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्ति नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में समस्त क्षेत्र की महापुरूषो की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। इसके साथ–साथ सहायक अभियन्ता (वि0य0) को समस्त महापुरूषो की प्रतिमाओ पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय द्वारा श्यामतगंज गौटिया शमशानघाट पर होने वाले वृक्षारोपण का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने श्यामतगंज गौटिया शमशानघाट पर होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा लिया गया एवं साफ–सफाई पेड़ो के रख रखाव हेतु दिशा निर्देशित किया गया। नगर आयुक्रत महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता (सिविल) को वृक्षारोपण हेतु गढडो को खुदवाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner